समाचार

शहरवासियों को मिलेगा मिलेट पकवानों का लजीज स्वाद

(जिले का पहला मिलेट्स कैफे स्मृति उद्यान निहारिका रोड में हुआ उद्घाटित)

(महापौर ने कलेक्टर, सभापति, प्रशासनिक अधिकारियों व जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में मिलेट कैफे का किया उद्घाटन)

कोरबा 23 फरवरी 2023 – शहरवासियों एवं जिले के लोगों को अब मिलेट्स से बने स्वास्थ्यवर्धक व पौष्टिक पकवानों का लजीज स्वाद सुगम रूप से मिल सकेगा, आज नगर पालिक निगम कोरबा द्वारा जिले का पहला मिलेट कैफे निहारिका रोड स्थित स्मृति उद्यान के समीप खोला गया। महापौर श्री राजकिशोर प्रसाद ने कलेक्टर श्री संजीव कुमार झा, सभापति श्री श्यामसुंदर सोनी, आयुक्त श्री प्रभाकर पाण्डेय, प्रशासनिक अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में केक व फीता काटकर कैफे का विधिवत उद्घाटन किया।

प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल के द्वारा मिलेट्स अनाज को बढ़ावा देने तथा इनसे बने स्वास्थ्यवर्धक पौष्टिक पकवानों तक शहरवासियों की सुगमता से पहुंच बनाने के मद्देनजर मिलेट कैफे खोलने के संबंध में दिशा निर्देशों के तारतम्य में छत्तीसगढ़ के शहरों में मिलेट्स कैफे खोले जा रहे हैं, कोरबा जिले का पहला मिलेट कैफे आज घंटाघर निहारिका रोड स्थित स्मृति उद्यान के समीप खोला गया। महापौर श्री राजकिशोर प्रसाद ने केक व फीता काटकर कैफे का उद्घाटन किया। इस मौके पर कलेक्टर श्री संजीव कुमार झा, सभापति श्री श्यामसुंदर सोनी, आयुक्त श्री प्रभाकर पाण्डेय, अपर कलेक्टर श्री विजेन्द्र सिंह पाटले, जिला पंचायत सी.ई.ओ.श्री नूतन कंवर, जिला कांग्रेस कमेटी के ग्रमीण अध्यक्ष सुरेन्द्र प्रताप जायसवाल, एम. आई.सी.सदस्य सपना चौहान, संतोष राठौर, सुखसागर निर्मलकर, प्रदीप जायसवाल, पार्षद रवि सिंह चंदेल, धनसाय साहू, एल्डरमेन आरिफ खान, रामगोपाल यादव, अपर आयुक्त खजांची कुम्हार सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण एवं अधिकारी व नागरिकगण उपस्थित थे।

रोगप्रतिरोधक क्षमता बढ़ाता है मिलेट – इस मौके पर महापौर श्री राजकिशोर प्रसाद ने कहा कि प्रसन्नता की बात है कि आज जिले का पहला मिलेट्स कैफे खोला गया है, मिलेट अनाज स्वास्थ्य के लिए अत्यंत फायदेमंद, उपयोगी एवं रोगप्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाने वाला है। उन्होने कहा कि वर्तमान में मिलेट का क्रेज बढ़ा है, शहरवासियों को मैं मिलेट कैफे की सुविधा उपलब्ध होने पर हार्दिक बधाई देता हूँ।

मिलेट पकवानों के प्रति आमजन में काफी रूचि – इस मौके पर कलेक्टर श्री संजीव कुमार झा ने कहा कि मिलेट पकवानों के प्रति आमजन में काफी रूचि देखी जा रही है, अभी हाल में सम्पन्न हुए पाली महोत्सव के दौरान यह देखने को मिला कि लोगों ने मिलेट्स पकवानों के प्रति विशेष रूचि दिखाई हैं तथा इन पकवानों का स्वाद बड़े चाव से लिया है। उन्होने कहा कि कोरबा जिले का पहला मिलेट कैफे आज

खोला गया है, वर्तमान में यहॉ पर 30 से ज्यादा मिलेट्स आईटम उपलब्ध हैं तथा मार्केट में भी इन वस्तुओं की अच्छी डिमांड है।

स्वाद के साथ सेहत भी – मिलेट्स कैफे में रागी, कोदो, कूटकी, ज्वार सहित अन्य मिलेट्स अनाजों के पकवान सुलभ हैं, मिलेट कैफे की खसियत है कि रागी व कोदो जैसे अनाजों से लजीज पकवान बनाए जाते हैं, कई पीढ़ियों से रागी, कोदो जैसे अनाज हमारे आहार का प्रमुख हिस्सा हुआ करते थे, ये अनाज सेहत के लिए जरूरी तथा पोषक तत्वों से भरपूर होते हैं, मिलेट कैफे में मिलेट्स से बने हुए पास्ता, चीला, इडली, मन्चूरियन, पिज्जा, नूडल्स, पकौड़े, समोसे, डोसा, बिरयानी सहित अन्य अनेको पकवान बनाए जाते हैं, जो अत्यंत पौष्टिक होते हैं तथा स्वाद के साथ सेहत भी देते हैं।